## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगाधरी की नई अनाज मंडी में आयोजित हुआ मुख्य कार्यक्रम

# योग को अपनी दिनचर्या का बनाएं हिस्साः कृषि मंत्री

### मुख्य कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने लिया मुख्यातिथि के रुप में भाग, कृषि मंत्री ने 1 करोड़ 80 लाख रुपये की 5 योगशाला व व्यायामशालाओं का किया उद्घघाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। नई अनाज मंडी जगाधरी में आयोजित योग मुख्य कार्यक्रम में योग करते कृषि मंत्री कंवरपाल व भाग लेते साधक।

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने की एक पद्धति है। आज की भौतिक भाग.दौड़ को देखते हुए योग का अभ्यास अति आवश्यक है। क्योंकि सबसे बड़ा सुख शरीर का स्वस्थ होना है। जिसकी प्राप्ति योग से होती है। उन्होंने उक्त शब्द शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जगाधरी की नई अनाज मंडी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कहे। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मौके पर आयोजित योग क्रियाओं में भाग लिया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्क्रीन के माध्यम से लाईव सुना। जिलास्तरीय मुख्य योग कार्यक्रम में जिले में बनाई गई करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से तैयार 5 व्यायामशालाओं का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ऑनलाइन शुभारम्भ किया। वहीं कृषि मंत्री कंवरपाल ने जिला स्तर पर व्यायामशालाओं का उद्घघाटन किया। इसमें गांव अलीपुरा में 37 लाख 10 हजार रुपये, सढ़ूरा में 36 लाख 25 हजार रुपये, रसूलपुर में 39 लाख 98 हजार रुपये, पोटली में 31 लाख 10 हजार रुपये व श्यामपुर में 39 लाख 98 हजार रुपये से तैयार व्यायामशालाएं शामिल हैं। मौके पर यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि योग की शुरुआत भारत में पूर्व वैदिक काल से हुई मानी जाती है। योग हजारों साल से भारतीयों की जीवनशैली हिस्सा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी सोनू राम ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के आयोजकों की तरफ से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कृषि मंत्री कंवर पाल, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## योग से शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मिलती है मदद



यमुनानगर। ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा परिवार हेल्थ योगा सेंटर के सहयोग से पार्क में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भाग लिया। संगठन के प्रधान दविंदर मेहता ने कहा कि योग एक साधना है जिसके जरिये शरीरए मन और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि योग से केवल शरीर रोग मुक्त ही नहीं बल्कि मनुष्य तनाव मुक्त भी रह सकता हैं। इस दौरान योग कार्यक्रम में शामिल हुए 82 वर्षीय ओम प्रकाश भाटियाए 75 वर्षीय महेंद्र सिंह कोचर व 69 वर्षीय विनोद सेठी ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेकर उन्हें नई ऊर्जा का अभ्यास हुआ है। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ प्रियंका ने अलग अलग योग करवा कर उपस्थित लोगों को इनके लाभ से भी अवगत करवाया। मौके पर राजकुमार नैयर, नरेश मेहता, सुभाष दत्ता, स्वर्ण सिंह, सुरेंद्र वर्मा, महेश सिंघल, नरेश नागपाल, विनोद सेठी, ओमप्रकाश भाटिया, ओम प्रकाश कपूर, सोम प्रकाश ओबेरॉय आदि मौजूद थे।

## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हुआ योग शिविर का आयोजन

- अध्यापकों व विद्यार्थियों ने मिलकर किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित योग शिविर के दौरान योगाभ्यास करते अध्यापक व विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग विभाग द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ.मीनू जैन ने की। योग विभाग अध्यक्ष डॉ रंजना के नेतृत्व में सभी अध्यापकों व छात्राओं ने बड़े उत्साह से योग प्रोटोकॉल को अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनाकर विभिन्न प्रकार के आसन किए। उन्होंने बताया कि पहली जून से विभिन्न जगहों पर विद्यार्थियों द्वारा योग कैंप भी लगाए जा रहे हैं। योग के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि योग एक समग्र अभ्यास है जिसमें शारीरिक आसन प्राणायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांत आदि शामिल हैं जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं।

## योगशाला पांजुपुर में उत्साह से मनाया योग दिवस

- आयुष योग सहायक द्वारा आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। के पांजुपुर योगशाला में आयोजित कार्यक्रम में योग करते साधक।

आयुष योग विभाग के तत्वावधान में गांव पांजुपुर की योगशाला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह से मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य साधक के रुप में पांजुपुर के सरपंच रामशरण व हरीपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. खंडेला मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आयुष योग सहायक दीपक बडोला ने किया। आयुष योग सहायक दीपक बडोला ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. पवन कुमार के निर्देशानुसार गाव पांजुपुर व हरीपुर कंबोयान गाव की योगशाला मे दसवां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मौके पर जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कंबोज की देखरेख मे आयुष योग सहायक दीपक बडोला व निशा रानी के द्वारा योगभ्यास करवाया गया। सरपंच रामशरण ने सभी का धन्यवाद किया। मौके पर रविंदर, गोपाल, निखिल, शुभम, जशन, महक, दिव्यंशिका व राधा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में योग करते साधक।

## योग करता है शरीर में ऊर्जा का संचारः डॉ. करुणा

यमुनानगर। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय जगाधरी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. करुणा ने भाग लिया। इस दौरान योग प्रशिक्षक हेमराज कोशिश के द्वारा कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थियों को योग क्रियाएं करवाई गई। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. करुणा ने बताया कि योग शरीर में ऊर्जा का संचार करता है।

प्राणायामए आसनए योग मुद्राएं आदि करने से व्यक्ति सामान्य की तुलना में 'यादा ऑक्सीजन ले पाता है। ऐसे में शरीर स्वास्थ्य व तंदुरुस्त रहता है। योग करने वाले हर इंसान की आयु बढ़ती है और वो बीमारियों से दूर रहता है!

मौके पर योग प्रशिक्षक हेमराज कोशश ने योग के होने वाले लाभों से सभी को अवगत करवाया तथा योग को निरंतर करते रहने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने साधकों को प्राणायाम समेत अन्य योगिक क्रियाएं करवाई। इस अवसर पर डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. अनिता, डॉ. विरेंद्र सिंह, प्रो. पूनम व डॉ. विजय चावला आदि मौजूद रहे।

## कॉलेज में मनाया योग दिवस

- सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते स्टाफ सदस्य।

गुरु नानक खालसा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कॉलेज स्टाफ के साथ योग किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. हरिंद्र सिंह कंग ने बताया कि योग में कॉलेज के सभी संकाय सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स, खेलो इंडिया सेंटर के खिलाड़ियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्होंने मानसिक और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने में योग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत देश से शुरू हुए योग को आज दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। योग करने से न केवल शरीर ठीक रहता है बल्कि मानसिक रूप से व्यक्ति को लाभ मिलता है। उन्होंने सभी को योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के डीन डॉ. बोधराज और प्रमुख डॉ. रणजीत सिंह ने समग्र कल्याण के लिए दैनिक जीवन में योग को एकीकृत करने के महत्व पर जोर देते हुए इस पहल की सराहना की। योग प्रशिक्षक प्रो. मंगल सिंह ने लचीलेपन को बढ़ाने और तनाव को कम करने में योग से मिलने वाले लाभ से अवगत करवाया। मौके पर डॉ. हेमंत मिश्रा, डॉ. संजय विज, कोच सुरजीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. जोशप्रीत सिंह, कंवलप्रीत संधू, अरुण, अनिरोध, यासमीन, धीरज और शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## रादौर की अनाज मंडी में उपमंडल स्तर पर मनाया गया योग दिवस

- शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है योग : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर में उपमंडल स्तर पर आयोजित योग दिवस के दौरान योगाभ्यास करते लोग। फोटोः हरिभूमि

10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल रादौर की अनाज मंडी में योग दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रादौर के एसडीएम जय प्रकाश व हरियाणा सरकार के पूर्व राज्य मंत्री कर्णदेव काम्बोज ने दीप प्रज्जवलित करके किया। एसडीएम रादौर जय प्रकाश ने उपस्थित जनसमूह को योग दिवस की शुभकामनाएं दी और कामना की कि योग आपके जीवन का अभिन्न अंग बने तथा आप सभी स्वस्थ व खुशहाल रहें।

उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनने का मूल मंत्र है। यह मन, आत्मा और शक्तियों का बोध करवाने का कारगर रास्ता है। योग कला, विज्ञान और दर्शन का बेजोड़ उदाहरण है। योग में समूची मानवता को एकजुट करने की अद्भुत शक्ति है। योग हमें अपनी महान संस्कृति और परम्पराओं से जोड़कर रखता है। जब योग जीवन का हिस्सा हो जाता है तो आयु, विद्या, यश और बल एक साथ बढ़ने लगते हैं।

### भारत का गौरव बढ़ाया

पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि योग ने विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ाया है। योग को एक दिन नहीं बल्कि अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए इससे हमारा तन व मन स्वस्थ रहता है। साथ ही प्रतिदिन योग करने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

### ये रहे मौजूद

पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित कांबोज ने सभी लोगों को विशेष प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। उन्होंने सभी लोगों को खड़े होकर, बैठकर व लेटकर योग करने का अभ्यास करवाया। मौके पर डीएसपी देवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, एसएमओ डॉ.विजय परमार आदि मौजूद थे।

## योग से असाध्य बीमारियों का उपचार संभव

- छछरौली में आयोजित योग दिवस के दौरान लोगों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। छछरौली में आयोजित योग दिवस के दौरान योगाभ्यास करते लोग।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपमंडल छछरौली के राजीव गांधी खेल परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान छछरौली के एसडीएम राजेश पूनिया बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि तहसीलदार सुदेश रानी, नायब तहसीलदार आनंद कुमार ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने योगा स्थल पर लोगों को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव संबोधन भी किया। एसडीएम राजेश पूनिया ने कहा कि योग एक ऐसी साधना है जिस पर लगातार चलकर मन को शांति मिलती है। योग साधना से असाध्य बीमारियों का उपचार संभव है।उन्होंने कहा कि निरंतर योगासन करने से स्वस्थ रहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग के साथ जुड़ने से शरीर व मन स्वस्थ होगा तथा हम सभी हर प्रकार की बीमारी से मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि योग एक जीवन शैली है जिस पर चलकर मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहकर हर व्यक्ति अपना जीवन यापन कर सकता है।

### लाभ की जानकारी दी

पतंजलि योग समिति से गोविंद सैनी ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते हुए उनसे होने वाले फायदों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुलोम विलोम आसन करने से खून साफ व रक्त का स्तर बढ़ता है। कपालभाति आसान से फेफड़ों की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। भ्रामरी आसान से तनाव दूर होता है व इम्युनिटी बढ़ती है। मौके पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय कुमार, मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, मंडल अध्यक्ष कल्याण चौधरी, सरपंच छछरौली संजीव सैनी, खण्ड शिक्षा अधिकारी छछरौली हरिओम गोयल आदि मौजूद थे।

## स्ट्रेस से स्ट्रेंथ की ओर ले जाता है योग : डॉ.गर्ग

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ योग दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित योग शिविर में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग, सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग के स्टाफ के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। स्टाफ के सभी सदस्यों एवं संस्थान के डीन्स विभागाध्यक्षों के साथ साथ संस्थान के निदेशक व रजिस्ट्रार ने भी योग दिवस पर योगासन किए। संस्थान के योग प्रशिक्षक गुलशन कांबोज ने सभी स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर मौजूद सभी स्टाफ सदस्यों ने योग को अपने जीवन में नियमित तौर पर अपनाने का प्रण लिया। संस्थान के निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने बताया कि संस्थान में छात्रों व स्टाफ सदस्यों के लिए नियमित रूप से योग अभ्यास किया जाता है। योग से हमें अनुभव होता है कि हमारी विचार शक्ति, आंतरिक सामर्थ्य इतनी ज्यादा है कि कोई परेशानी, नकारात्मकता हमें तोड़ नहीं सकती। योग हमें स्ट्रेस से स्ट्रेंथ की ओर और नेगेटिविटी से क्रिएटिविटी का रास्ता दिखाता है। योग हमें अवसाद से उमंग और प्रमाद से प्रसाद तक ले जाता है। डॉ.यूपी सिंह ने कहा कि विश्व को योग के माध्यम से जोड़ा जा सकता है और आपसी सहयोग की भावना का संचार कर सकते हैं। मानवता को किसी भी प्रकार के संकट का सामना करना है तो आपसी सहयोग एवं भाईचारे की भावना से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

## संत कबीरदास को किया याद

रादौर। भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से शुक्रवार को रादौर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्म सिंह पिंकी ने की। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच रामकुमार अलीपुरा व अमित कांबोज ने मुख्य रूप से शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने संत कबीरदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। धर्म सिंह पिंकी ने बताया कि संत कबीर दास ने समाज में फैली कुरीतियों का जमकर विरोध किया। संत कबीर दास ने मूर्ति प्रथा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, कन्या शिक्षा व धार्मिक आडंबरों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। संत कबीर दास जी ने अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिया।

**विकास पर चर्चा** | **निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

## यमुनानगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल रैंक पर लाने का हर संभव प्रयास करें अधिकारीः सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अपनी बात रखते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा। फोटोः हरिभूमि

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं मुख्य सचिव विकास गुप्ता ने शुक्रवार को विभिन्न मुद्दों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने प्रॉपर्टी आईडी ऑब्जेक्शन, प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टीफिकेशन व स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग लाने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। वीडियो कॉन्फेसिंग के दौरान नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने उक्त मुद्दों के साथ साथ शहर के विकास कायोंर् को लेकर उनसे चर्चा की। उन्होंने मुख्य सचिव को बताया कि कि प्रॉपर्टी आईडी वेरीफिकेशन के लिए हर वार्ड में कर्मचारियों की टीमें लगी हैं। जो घर घर जाकर प्रॉपर्टी मालिकों की प्रॉपर्टी आईडी सेल्फ सर्टिफाई कर रहे हैं। अब तक नगर निगम क्षेत्र की कुल 211412 प्रॉपर्टी में से 74121 आईडी सत्यापित की जा चुकी हैं। 35 प्रतिशत प्रॉपर्टी आईडी सत्यापित करने के साथ नगर निगम पहले स्थान पर है। लंबित प्रॉपर्टी ऑब्जेक्शन का नियमित निपटान किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा 96 अवैध कॉलोनियों को वैध कराने के लिए निदेशालय भेजा हुआ है। इनमें से 93 प्रशासनिक स्वीकृति के लिए लंबित है। नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने नगर निगम अधिकारियों के साथ साथ रादौर नगर पालिका व साढ़ौरा नगर पालिका के अधिकारियों से भी संबंधित विषयों पर फीडबैक लिया और उन्हें इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## उपायुक्त ने समस्याओं को सुनकर मौके पर ही हल करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर के दौरान समस्याएं सुनते अधिकारी।

जिला सचिवालय के सभागार में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने की। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही हल करवाने के निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान एसडीएम सोनू राम ने कहा कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी, सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी गई और उनका मौके पर ही समाधान किया गया। इसी कड़ी में भूपेन्द्र सिंह निवासी छछरौली, ब्रहमप्रकाश शिवपुरी, भीम सैन पटरी मोहल्ला की परिवार पहचान पत्र में जो भी कमी थी उसको मौके पर ही ठीक किया गया।

## भांजे के जन्मदिन में गए युवक पर हमला

यमुनानगर। गांव बांसेवाला में अपने भांजे के जन्मदिन में गए गांव मछरौली निवासी वंश पर एक युवक ने दरांती से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इलाज के दौरान घायल वंश के सिर में नौ टांके लगे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**सूचना**

मैं, गुरचरण सिंह पुत्र स्व. श्री प्रताप सिंह निवासी गांव रोड छप्पर, डाकखाना औरंगाबाद, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र लवदीप सिंह तथा मेरी पुत्रवधु नवनीत कौर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

